>

Title: Need to provide compensation to the farmers who have lost their crops due to frost and hailstorm in Rajgarh Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

श्री नारायण सिंह अमलाबे (राजगढ़): सभापति महोदय, पूरे देश में इस वर्ष पाला और ओला पड़ने के कारण देश के सभी किसानों की बड़ी बुरी हालत हो गई है उसके साथ ही मेरा संसदीय क्षेत्र राजगढ़, खुजनेर, राघोघर, चांचवाड़ा, ब्यावरा, सुठाजा, नरसिंहगढ़, पुरावट, ढलेन, खिलचीपुर, जीरापुर, माचलपुर, सारंगपुर, पचोर, सुसनेर, नलखेड़ा, सोवेत आदि सभी तहसीलों में पाला और ओला पड़ने के कारण नुकसान हुआ है। मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़ की अभी तक की जो ऑथेंटिक जानकारी मेरे पास है, 28 फरवरी तक जो सर्वे हुआ है उससे पाले में 918 गांव प्रभावित हुए हैं, जिनमें 2192 लाख का आकलन हुआ। उसमें अभी तक राज्य शासन को 50 लाख रूपये मिले हैं। इसी तरह दूसरी ओर जो ओले गिरे उससे राजगढ़ के 785 गांव प्रभावित हुए। सर्वे के अनुसार 3420 लाख रूपये का नुकसान हुआ है। अभी तक 50 लाख रूपये मिले हैं जो केवल ऊंट के मुंह में जीरे के समान है।

मेरा आपसे निवेदन है कि सभी हितग्राहियों को, जिनका नुकसान हुआ है, मुआवजा दिलाया जाए।...(व्यवधान) यह राजगढ़ जिले की जानकारी है। इसके साथ ही गुना और शाहजहांपुर के...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि छूटे हुए किसानों का सर्वे करवाकर उन्हें भी लाभ दिया जाए। इसके साथ ही फसल बीमा योजना का लाभ भी मिले।...(व्यवधान)